This is a digitally signed Gazette, to verify click here.

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, शुक्रवार 14 सितम्बर, 2012 / 23 भाद्रपद, 1934

हिमाचल प्रदेश सरकार

HIGH COURT OF HIMACHAL PRADESH, SHIMLA-171 001

NOTIFICATION

Shimla, *the* 4th *September*, 2012

No.HHC/Admn.16 (22)75-IV.—Hon'ble the Chief Justice, in exercise of the powers vested in him U/S 139(b) of the Code of Civil Procedure, 1908, U/S 297(b) of the Code of Criminal Procedure, 1973 and Rule 5(vi) of the H.P. Oath Commissioners (Appointment & Control) Rules, 2007 has been pleased to appoint Sh. Rakesh Kumar, Advocate, Rajgarh as Oath Commissioner at Rajgarh, H.P. for a period of two years, with immediate effect for administering oaths and affirmations on affidavits to the deponents, under the aforesaid Codes and Rules.

By order,
Sd/-
Registrar General.

HIGH COURT OF HIMACHAL PRADESH, SHIMLA-171 001

NOTIFICATION

Shimla, *the* 1*st September*, 2012

No.HHC/Admn.16 (18)96-I.—Hon'ble the Chief Justice, in exercise of the powers vested in him U/S 139(b) of the Code of Civil Procedure, 1908, U/S 297(b) of the Code of Criminal procedure, 1973 and Rule 5(vi) of the H.P. Oath Commissioners (Appointment & Control) Rules, 2007 has been pleased to appoint Sh. Ajay Kaushal, Advocate, Rampur Bushahr, H.P., as Oath Commissioner at Rampur Bushahr, for a period of two years, with effect from 3-9-2012, for administering oaths and affirmations on affidavits to the deponents, under the aforesaid Codes and Rules.

By order,
Sd/-
Registrar General.

HIGH COURT OF HIMACHAL PRADESH, SHIMLA

NOTIFICATION

Shimla, *the* 3*rd September*, 2012

No.HHC/Admn.3 (189)/83-I.—04 days commuted leave on and *w.e.f.* 22-08-2012 to 25-08-2012 with permission to suffix Sunday on 26-08-2012, is hereby sanctioned, ex-post- facto, in favour of Smt. Dinesh Chauhan, Assistant Registrar of this Registry.

Certified that Smt. Dinesh Chauhan has joined the same post and at the same station from where she had proceeded on leave after the expiry of the above leave period.

Certified that Smt. Dinesh Chauhan would have continued to officiate the same post of Assistant Registrar, but for her proceeding on leave.

By order,
Sd/-
Registrar General.

सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

शिमला–171002, 12 सितम्बर, 2012

संख्याःआई0 पी0एच0–बी(एच)1–40 / 2012–कांगड़ा.––यतः राज्यपाल हिमाचल प्रदेश को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन हेतु नामतः गांव नरनूह तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा में नूरनूह झडोली नलकूप के निर्माण हेतु भूमि अर्जित करनी अपेक्षित है, अतएव एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि उक्त परिक्षेत्र में जैसा कि निम्न विवरणी में निर्दिष्ट किया गया है उपरोक्त प्रयोजन के लिए भूमि का अर्जन अपेक्षित है।

2. यह अधिसूचना ऐसे सभी व्यक्तियों को जो इस से सम्बन्धित हैं, या हो सकते हैं, की जानकारी के लिए भू–अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा–4 के उपबन्धों के अन्तर्गत जारी की जाती है।

3. पूर्वोक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश इस समय इस उपक्रम में कार्यरत सभी अधिकारियों उनके कर्मचारियों और श्रमिकों को इलाके की किसी भी भूमि में प्रवेश करने तथा सर्वेक्षण करने और उस धारा द्वारा अपेक्षित अथवा अनुमतः सभी अन्य कार्यों को करने के लिए सहर्ष प्राधिकार देते हैं।

4. कोई भी हितबद्ध व्यक्ति जिसे उक्त परिक्षेत्र में कथित भूमि के अर्जन पर कोई आपत्ति हो तो वह इस अधिसूचना के प्रकाशित होने के तीस दिनों की अवधि के भीतर लिखित रूप में भू–अर्जन समाहर्ता, कांगड़ा हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के समक्ष अपनी आपत्ति दायर कर सकता है ।

विस्तृत विवरणी

जिला	तहसील	गांव	खसरा नं0	क्षेत्र (हैक्टयरों में)
कांगड़ा	नूरपुर	नरनूह	348 / 1	0–04–26

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
सचिव (सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य)।

सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

शिमला–171002, 12 सितम्बर, 2012

संख्याःआई0पी0एच0–बी(एच)1–41 / 2012–कांगड़ा.––यतः राज्यपाल हिमाचल प्रदेश को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन हेतु नामतः गांव जाछ तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा में नलकूप जाछ के निर्माण हेतु भूमि अर्जित करनी अपेक्षित है, अतएव एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि उक्त परिक्षेत्र में जैसा कि निम्न विवरणी में निर्दिष्ट किया गया है उपरोक्त प्रयोजन के लिए भूमि का अर्जन अपेक्षित है ।

2. यह अधिसूचना ऐसे सभी व्यक्तियों को जो इस से सम्बन्धित हैं, या हो सकते हैं, की जानकारी के लिए भूमि अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा–4 के उपबन्धों के अन्तर्गत जारी की जाती है।

3. पूर्वोक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश इस समय इस उपक्रम में कार्यरत सभी अधिकारियों उनके कर्मचारियों और श्रमिकों को इलाके की किसी भी भूमि में प्रवेश करने तथा सर्वेक्षण करने और उस धारा द्वारा अपेक्षित अथवा अनुमतः सभी अन्य कार्यों को करने के लिए सहर्ष प्राधिकार देते हैं।

4. कोई भी हितबद्ध व्यक्ति जिसे उक्त परिक्षेत्र में कथित भूमि के अर्जन पर कोई आपत्ति हो तो वह इस अधिसूचना के प्रकाशित होने के तीस दिनों की अवधि के भीतर लिखित रूप में भू– अर्जन समाहर्ता, कांगड़ा हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के समक्ष अपनी आपत्ति दायर कर सकता है।

विस्तृत विवरणी

जिला	तहसील	गांव	खसरा नं0	क्षेत्र / हैक्टेयर में
कांगड़ा	नूरपुर	जाछ	1101 / 1	00–04–00

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
सचिव (सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य)।

सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

शिमला–171002, 12 सितम्बर, 2012

संख्याःआई0पी0एच0–बी(एच)1–42 / 2012–कांगड़ा.––यतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार को अपने व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन के लिए नामतः महाल व मौजा त्योड़ा तहसील इन्दौरा जिला कांगड़ा में शाहनहर परियोजना का किनारा के निर्माण हेतु भूमि अर्जित करनी अपेक्षित है, अतएव एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि उक्त परिक्षेत्र में जैसा कि निम्न विवरणी में निर्दिष्ट किया गया है उपरोक्त प्रयोजन के लिए भूमि का अर्जन अपेक्षित है।

2. यह अधिसूचना ऐसे सभी व्यक्तियों को जो इस से सम्बन्धित हैं, या हो सकते हैं, की जानकारी के लिए भू–अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा–4 के उपबन्धों के अन्तर्गत जारी की जाती है।

3. पूर्वोक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश इस समय इस उपक्रम में कार्यरत सभी अधिकारियों उनके कर्मचारियों और श्रमिकों को इलाके की किसी भी भूमि में प्रवेश करने तथा सर्वेक्षण करने और उस धारा द्वारा अपेक्षित अथवा अनुमतः सभी अन्य कार्यों को करने के लिए सहर्ष प्राधिकार देते हैं।

4. अत्याधिक आवश्यकता को दृष्टि में रखते हुये राज्यपाल उक्त अधिनियम की धारा–17 की उपधारा–(4) के अधीन यह भी निर्देश देते हैं कि उक्त अधिनियम की धारा–5 ए के उपबन्ध इस मामले में लागू नहीं होंगे ।

विस्तृत विवरणी

जिला	तहसील	महाल	खसरा नम्बर	क्षेत्र हेक्टयर में
कांगड़ा	इन्दौरा	त्योड़ा	247 / 1	0–02–00

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
सचिव (सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य)।

सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

शिमला–171002, 12 सितम्बर, –09–2012

संख्याःआई0पी0एच0–बी(एच)1–43 / 2012–कांगड़ा.––यतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को यह प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार को अपने व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजन के लिए नामतः महाल व मौजा वेला इन्दौरा तहसील इन्दौरा जिला कांगड़ा में शाहनहर परियोजना का किनारा के निर्माण हेतु भूमि अर्जित करनी अपेक्षित है, अतएव एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि उक्त परिक्षेत्र में जैसा कि निम्न विवरणी में निर्दिष्ट किया गया है उपरोक्त प्रयोजन के लिए भूमि का अर्जन अपेक्षित है।

2. यह अधिसूचना ऐसे सभी व्यक्तियों को जो इस से सम्बन्धित हैं, या हो सकते हैं, की जानकारी के लिए भू–अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा–4 के उपबन्धों के अन्तर्गत जारी की जाती है।

3. पूर्वोक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश इस समय इस उपक्रम में कार्यरत सभी अधिकारियों उनके कर्मचारियों और श्रमिकों को इलाके की किसी भी भूमि में प्रवेश करने तथा सर्वेक्षण करने और उस धारा द्वारा अपेक्षित अथवा अनुमतः सभी अन्य कार्यों को करने के लिए सहर्ष प्राधिकार देते हैं।

4. अत्याधिक आवश्यकता को दृष्टि में रखते हुये राज्यपाल उक्त अधिनियम की धारा–17 की उपधारा–(4) के अधीन यह भी निर्देश देते हैं कि उक्त अधिनियम की धारा–5 ए के उपबन्ध इस मामले में लागू नहीं होंगे।

विस्तृत विवरणी

जिला	तहसील	महाल	खसरा नम्बर	क्षेत्र हेक्टयर में
कांगड़ा	इन्दौरा	वेला इन्दौरा	482	0–11–68
			483	0–11–27
			670	0–21–96
			676	0–66–94
			536	0–87–93
			679	1–03–61
			1155 / 688	0–37–82
			किता–7	3–41–21

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
सचिव (सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य)।

गृह विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 16 अगस्त, 2012

संख्याः होम–ए–बी(2)–4 / 90–पी0टी0–फाईल.–हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1968 (1968 का अधिनियम संख्यांक 24) की धारा 20 के साथ पठित हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 (2007 का अधिनियम संख्यांक 17) की धारा 144 की उप धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश राज्य में यथा लागू पंजाब पुलिस रूल्ज, 1934 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात् :–

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**–(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम पंजाब पुलिस (हिमाचल प्रदेश संशोधन) नियम, 2012 है ।

(2) ये नियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत होंगे ।

2. **रूल 13.8 का प्रतिस्थापन.**–हिमाचल प्रदेश राज्य में यथा लागू पंजाब पुलिस रूल्ज, 1934 (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् उक्त रूल्ज, कहा गया) के रूल 13.8 के सब–रूल (2) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात :–

"(2) Promotion to Head Constable shall be made in accordance with the principle described in sub rules 13.1(1) and (2). The date of admission to list C shall not be material, but the order of merit in which examinations have been passed shall be taken into consideration in comparing qualifications. In cases where other qualifications are equal, seniority in the police force shall be the deciding factor. The posts of Head Constable likely to fall vacant in a calendar year shall be filled up in the following manner:—

(a) Minimum 60% posts shall be filled up on merit through B-I Test subject to passing of Lower School Course;

(b) 30% posts shall be filled up with the approval of the Inspector General of Police from the Constables who have qualified the Lower School Course on the basis of seniority-cum-fitness;

(c) Maximum of 10% posts shall be filled up with the approval of Director General of Police from amongst the Constables who have not passed the Lower School Course on the basis of consistent outstanding performance in job, outstanding performance in sports or display of act of exceptional bravery during the course of performance of official duty as per standing order issued vide Director General of Police on the subject. In case all posts cannot be filled up, these will be added to category in (a) above.The Lower School Examination has to be passed immediately thereafter".

3. **रूल 13.9 का संशोधन.**–उक्त रूल्ज के रूल्ज 13.9 के सब–रूल (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :–

"(1) List 'D' shall be maintained in two parts for Head Constables in card index (Form No.13.9) in each district. Selection for admission to the promotion course for Head Constables at the Police Training College shall be made by the Inspector General of Police concerned in order of their inter-se-seniority subject to the following conditions:—

(a) He should have been confirmed in the entry grade.

(b) He should have satisfactorily completed the probation".

(c) He should have completed at least 5 years of continuous service as Head Constable."

4. रूल 13.10 का संशोधन.—उक्त रूल्ज के रूल 13.10 के सब—रूल (2) और (3) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) No Assistant Sub-Inspector of Police shall be eligible for selection to the promotion course for Assistant Sub-Inspectors at the Police Training College, unless—

(a) He has been confirmed in the entry grade, and

(b) He has completed four years of continuous service in the rank of ASI after passing the promotion course for Head Constables and in the case of directly recruited Assistant Sub- Inspector, he has completed 5 years of service after having passed Assistant Sub- Inspector course.

(3) For the existing Rules 13.10(3) of the Punjab Police Rules,1934 in their application to the State of Himachal Pradesh, the following shall be substituted, namely:—

"(3) Promotion to the rank of Sub-Inspector of Police shall be made strictly in accordance with seniority position on List "E":

Provided that such seniority positions may be ignored in exceptional circumstance for reasons to be recorded in writing by the Inspector General of Police or Deputy Inspector General of Police concerned with the prior approval of the Director General of Police, Himachal Pradesh.

The promoted Sub-Inspector will be on probation for two years and the probation period may be extended not exceeding one year as may be ordered by the competent authority in special circumstances and reasons to be recorded in writing.".

5. रूल 13.14 का संशोधन.—उक्त रूल्ज के रूल 13.14 के सब—रूल (2) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"(2) No Sub-Inspector shall be considered eligible for promotion to the rank of Inspector unless he has at least five years approved service in the rank of Sub-Inspector and is thoroughly efficient and competent to hold charge of Police Station/Police post.

Further no Sub-Inspector of Police shall be eligible for promotion as Inspector of Police if—

(a) he has earned a major punishment during the last three years (to be reckoned from the date of meeting of DPC), or

(b) he has been awarded punishment of censure during the last six months (to be reckoned form the date of meeting of DPC); or

(3) he has not been confirmed in the entry grade.

Exception to this rule may be made only with the approval of the Director General of Police.".

आदेश द्वारा,
हस्ता / –
प्रधान सचिव (गृह)।

————————

गृह विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 6 सितम्बर, 2012

संख्याः गृह (क) ई (3) 43 / 2011.–हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का अधिनियम संख्यांक–2) की धारा 357–क की उपधारा (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार के समन्वय से, ऐसे पीड़ित व्यक्ति को जिसे किसी अपराध के परिणामस्वरूप कोई हानि या क्षति हुई है और आश्रितों जिनका पुनर्वास अपेक्षित है, को प्रतिकर के प्रयोजन के लिए निधियों की व्यवस्था करने हेतु निम्नलिखित स्कीम बनाती है, अर्थात्:–

1. **संक्षिप्त नाम.**–इस स्कीम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश (अपराध से पीड़ित व्यक्ति) प्रतिकर स्कीम, 2012 है ।

2. **परिभाषाएं.**–इस स्कीम में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न होः–

(क) "अधिनियम" से दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का अधिनियम संख्यांक 2) अभिप्रेत है;

(ख) "उपाबंध" से स्कीम का उपाबंध–1 अभिप्रेत है, जिस पर स्कीम के अधीन आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया जाना है;

(ग) "आवेदक" से पीड़ित व्यक्ति या जहाँ वह शारीरिक या मानसिक अक्षमता के कारण आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थ है या जहाँ पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है, वहाँ पीड़ित व्यक्ति की ओर से आवदेन करने वाला व्यक्ति अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत उसके विधिक वारिस भी हैं;

(घ) "निधि" से स्कीम के अधीन गठित हिमाचल प्रदेश, पीड़ित व्यक्ति प्रतिकर निधि अभिप्रेत है;

(ङ) "अनुसूची" से इस स्कीम से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(च) "राज्य" से हिमाचल प्रदेश राज्य अभिप्रेत है;

(छ) "विधिक सेवा प्राधिकरण" से विधिक सेवाएं प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अधीन गठित, यथास्थिति, राज्य / जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अभिप्रेत है; और

(ज) "पीड़ित व्यक्ति" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो किसी कृत्य या लोप जिसके लिए अभियुक्त व्यक्ति को आरोपित किया गया है, के कारण हुई किसी हानि या क्षति से ग्रस्त हुआ है और पद पीड़ित व्यक्ति के अन्तर्गत उसका संरक्षक या विधिक वारिस भी हैं ।

3. **पीड़ित व्यक्ति पुनर्वास निधि.**—(1) हिमाचल प्रदेश, पीड़ित व्यक्ति प्रतिकर निधि के नाम से एक निधि स्थापित की जाएगी, जिसमें से इस स्कीम के अधीन प्रतिकर की रकम ऐसे पीड़ित व्यक्ति को संदत्त की जाएगी, जिसको किसी अपराध के परिणामस्वरूप हानि या क्षति हुई है तथा जिसका पुनर्वास अपेक्षित है ।

(2) राज्य सरकार, प्रति वर्ष स्कीम के प्रयोजन के लिए अलग से बजट आबंटित करेगी ।

(3) निधि को सचिव, राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा संचालित किया जाएगा ।

4. **प्रतिकर के लिए पात्रता.**—(1) पीड़ित व्यक्ति प्रतिकर प्रदान किए जाने के लिए पात्र होगा जहांः—

(क) न्यायालय, अधिनियम की धारा 357—क की उपधारा (2) के अधीन कोई सिफारिश करता है अथवा अधिनियम की धारा 357—क की उपधारा (4) के अधीन, प्रथम इत्तला रिपोर्ट को अभिलिखित करने के नब्बे दिन के भीतर, राज्य या जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को आवदेन किया गया है;

(ख) विचारण न्यायालय का, विचारण के निष्कर्ष पर, यह समाधान हो जाता है कि अधिनियम की धारा 357 के अधीन अधिनिर्णीत प्रतिकर, ऐसे पुनर्वास हेतु पर्याप्त नहीं है, अथवा जहाँ मामले की समाप्ति दोषमुक्ति या उन्मोचन से होती है तथा पीड़ित व्यक्ति का पुनर्वास किया जाना है और न्यायालय द्वारा प्रतिकर के लिए सिफारिश की गई है;

परंतु पीड़ित व्यक्ति, युक्तियुक्त समय सीमा के भीतर, किसी पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी को, ऐसे पुलिस स्टेशन की सीमाओं के भीतर हुए अपराध की या ऐसे अपराध का संज्ञान लेने के लिए सशक्त किसी न्यायिक दण्डाधिकारी को, सूचना देता हैः

परंतु पीड़ित व्यक्ति मामले के अन्वेशण और विचारण के दौरान, पुलिस और अभियोजन के साथ सहयोग करता हैः

परंतु यह और भी कि जहाँ अपराध किया गया था, वहां जिला के जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को, उपाबंध—1 पर (अधिनियम की धारा 357—क की उपधारा (4) में यथा उपबंधित प्रतिकर के अधिनिर्णय हेतु) आवदेन किया गया है।

2(क) यथास्थिति, ऐसी सिफारिश या आवदेन को, ऐसे जिला के जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को अन्तरित किया जाएगा, जहां अपराध किया गया था;

(ख) जहां अपराध, भागतः एक स्थानीय क्षेत्र में और भागतः अन्य क्षेत्र में या जहां यह विभिन्न स्थानीय क्षेत्रों में किए गए विभिन्न कार्यों से मिलकर किया जाता है, वहां ऐसे किन्हीं स्थानीय क्षेत्रों पर अधिकारिता रखने वाला जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, अधिनियम की धारा 357—क के अधीन कार्यवाही कर सकेगा।

(3) पीड़ित व्यक्ति, प्रतिकर प्रदान करने के लिए तब भी पात्र होगा,जब अपराधी को खोजा या पहचाना नहीं जाता है, और जहां कोई विचारण नहीं किया जाता है ।

5. **प्रतिकर प्रदान करने के लिए प्रक्रिया.**—(1) जहां अधिनियम की धारा 357—क की उपधारा (2) के अधीन न्यायालय द्वारा प्रतिकर के लिए सिफारिश की जाती है या जिला विधिक सेवाएं प्राधिकारण को प्रतिकर के अधिनिर्णय हेतु आवदेन किया जाता है, वहां उक्त प्राधिकारण, मामले का परीक्षण करेगा तथा पीड़ित व्यक्ति को रिपोर्ट किए गए अपराध से उद्भूत हुई हानि या क्षति की बाबत दावे की अन्तर्वस्तु सत्यापित करेगा ।

(2) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्यापन के अनुक्रम के दौरान, दावे की प्रमाणिकता अवधारित करने के आशय से कोई अन्य आवश्यक सुसंगत सूचना मंगवा सकेगा और सम्यक् जांच करने के पश्चात्, अनुसूची के उपबन्धों के अनुसार साठ दिन के भीतर प्रतिकर अधिनिर्णित करेगा ।

(3) यथास्थिति, राज्य या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पीड़ित व्यक्ति के कष्टों को कम करने के लिए, पुलिस अधिकारी, जो पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी की पंक्ति से नीचे का न हो या सम्बद्ध क्षेत्र के मजिस्ट्रेट के प्रमाण पत्र पर, खर्च के बिना अंतरिम सहायता सुविधा या कोई अन्य अंतरिम राहत, जिसे समुचित प्राधिकारी उचित समझे, तुरन्त उपलब्ध करवाए जाने का आदेश कर सकेगा ।

(4) जहां पर पीड़ित व्यक्ति को एक से अधिक क्षति पंहुची है या हानि हुई है, वहां प्रत्येक व्यक्ति के मामले में, प्रतिकर, केवल, अपराध के परिणामस्वरूप हई गम्भीरतम क्षति या हानि के लिए संदेय होगा ।

(5) इस प्रकार संदत्त प्रतिकर, इस शर्त के अध्यधीन होगा कि यदि न्यायालय, अपराध से उद्भूत मामले में निर्णय देते हुए, अभियुक्त व्यक्ति को अधिनियम की धारा 357 की उपधारा (3) के अधीन प्रतिकर के रूप में कोई रकम संदत्त करने का आदेश देता है,तो अधिनियम की धारा 357–क के अधीन इस प्रकार संदत्त प्रतिकर के बराबर की रकम का, न्यायालय द्वारा सीधे, यथास्थिति, राज्य या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को, जिसके द्वारा स्कीम के अधीन प्रतिकर का संदाय किया गया था परिहार किया जाएगा ।

(6) यथास्थिति, राज्य या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा, पीड़ित व्यक्ति को कारित हानि के प्रकार और गम्भीरता, उपचार के लिए उपगत किए जाने वाले चिकित्सा व्यय, ऐसे आनुशंगिक प्रभारों, जैसे अन्तयेष्टि व्यय इत्यादि सहित, पुनर्वास के लिए न्यूनतम पोषण रकम के आधार पर पीड़ित व्यक्ति को अधिनिर्णित किए जाने वाले प्रतिकर की मात्रा का विनिश्चय किया जाएगा । प्रतिकर, ऐसे मामलों के तथ्यों पर निर्भर करते हुए और अनुसूची में यथाविहित सीमाओं के अध्यधीन, विभिन्न मामलों में भिन्न–भिन्न हो सकता है।

(7) स्कीम के अधीन अधिनिर्णित किए जाने वाले प्रतिकर की मात्रा, आवेदन में दिए गए बैंक खाते में विप्रेषित की जाएगी। रकम यथा साध्य, इलैक्ट्रोनिक्स माध्यम से अन्तरित की जा सकेगी, ताकि पीड़ित व्यक्ति को निधि से प्रभावकारी और शीघ्र संवितरण प्रदान किया जा सके । पीड़ित व्यक्ति के अवयस्क होने या मानसिक रूप से बीमार होने की दशा में रकम, यथास्थिति, जब राज्य या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रतिकर अधिनिर्णित करने के पश्चात् समाधान हो जाता है कि, उसका, ऐसे अव्यवस्क या मानसिक रूप से बीमार पीड़ित व्यक्ति के हित में और कल्याण के लिए समुचित रूप से उपयोग किया जाएगा, तो उसके माता–पिता या संरक्षक के बैंक खाते में विप्रेषित की जाएगी ।

(8) प्रश्नगत अपराध के सम्बन्ध में पीड़ित व्यक्ति द्वारा, किसी अन्य अधिनियम या स्कीम(मों) के अधीन बीमा दावा, अनुग्रहपूर्वक रकम(एक्स ग्रेशिया) इत्यादि के लेखे में इस प्रकार प्राप्त संदाय, इस स्कीम के अधीन प्रतिकर की रकम का भाग समझा जाएगा और यदि उपयुक्त प्रतिकर की रकम, उपरोक्त वर्णित सहवर्ती स्त्रोतों से, पीडित द्वारा इस प्रकार प्राप्त संदाय से अधिक होती है, तो निधि में से केवल अतिशेष रकम ही संदय होगी ।

(9) मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 का 59) के अधीन आने वाले मामले, जहाँ प्रतिकर मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण द्वारा अधिनिर्णित किया जाना है, इस स्कीम के अधीन नहीं आएंगे ।

6. कतिपय मामलों में प्रतिकर की अग्राहयता.–स्कीम के अधीन कोई प्रतिकर अनुज्ञेय नहीं होगा, जहाँः–

(क) पीड़ित व्यक्ति ने उसी अपराध की बाबत प्रतिकर के लिए पहले ही कोई दावा दाखिल किया हो; या

(ख) घटना इतनी विलम्बित हो गई हो कि कोई साक्ष्य उपलब्ध न हो।

7. **कतिपय मामलों में प्रतिकर का प्रतिदाय.**—(1) जहाँ आवेदक, स्कीम के अधीन प्रतिकर प्राप्त करने के पश्चात् —

(क) मामले के अन्वेषण और विचारण के दौरान पुलिस या अभियोजन के साथ सहयोग करने में विफल रहता है; या

(ख) स्कीम के अधीन कार्यवाहियों के संबंध में राज्य या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को समस्त युक्तियुक्त सहायता देने में विफल रहता है; या

(ग) अपराध की बाबत जानकारी, सच के रूप में देता है जिसे वह जानता है या उसके पास विश्वास करने का कारण है कि वह मिथ्या है; या

(घ) ऐसी शपथ या प्रतिज्ञान करने वाले किसी लोक सेवक को या विधि द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को अपराध के संबंध में सत्य का कथन करने के लिए शपथ या प्रतिज्ञान द्वारा, विधिक रूप से बाध्य होते हुए कोई कथन करता है, जो मिथ्या है या वह जानता है या विश्वास करता है कि यह मिथ्या है; या

(ङ) न्यायिक कार्यवाही के किसी भी स्तर पर मिथ्या साक्ष्य देता है या किसी न्यायिक कार्यवाही के किसी स्तर पर भी उपयोग करने के प्रयोजन के लिए मिथ्या साक्ष्य गढ़ता है; या

(च) विधिक दण्ड से अपराधी की जांच के आश्य से, अपराध करने के विलोपन के लिए कोई साक्ष्य कारित करता है या उस आशय से किसी अपराध की बाबत, जो उसकी जानकारी में मिथ्या है, कोई सूचना देता है ।

(2) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिसके द्वारा स्कीम के अधीन प्रतिकर प्रदान किया गया था को, यथास्थिति, पुलिस या अभियोजन अभिकरण द्वारा उक्त तथ्य को लिखित में सुचित करना होगा ।

(3) ऐसी सूचना की प्राप्ति पर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आवेदक को कारण बताओ नोटिस की तामील कर सकेगा कि स्कीम के अधीन उसके द्वारा इस प्रकार प्राप्त प्रतिकर को, यथास्थिति, राज्य / विधिक सेवा प्राधिकरण को क्यों न वापस कर दिया जाए ।

(4) राज्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके द्वारा प्रतिकर प्रदान किया गया था, जारी किए गए कारण बताओ नोटिस के स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, पर विचार करके, और पीड़ित को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात्, आदेश द्वारा, निष्कर्ष को अभिलिखित करके, कि क्यों न इस प्रकार प्राप्त की गई प्रतिकर की रकम, ऐसे आदेश से साठ दिन की अवधि के भीतर, पीड़ित व्यक्ति द्वारा ऐसे प्राधिकरण को प्रतिदत्त की जानी चाहिए ऐसा न होने पर उक्त रकम को पीड़ित व्यक्ति से भू–राजस्व की बकाया के रूप में वसूल की जाए ।

8. **आदेश को रिकार्ड पर प्रस्तुत करना.**—न्यायालय, अधिनियम की धारा 357 की उपधारा (3) के अधीन प्रतिकर का आदेश करते समय, स्कीम के अधीन प्रतिकर के रूप में संदत्त किसी राशि को लेखे में लेगा और अधिनियम की धारा 357–क के अधीन किए गए प्रतिकर के ऐसे आदेश की प्रति, न्यायालय के रिकार्ड में रखी जाएगी ।

9. **परिसीमा.**—(1) अधिनियम की धारा 357–क की उपधारा (4) के अधीन पीड़ित व्यक्ति द्वारा किए गए किसी दावे को, अपराध किए जाने के नब्बे दिन की अवधि के पश्चात् ग्रहण नहीं किया जाएगा।

(2) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का यदि समाधान हो जाता है, तो वह कारणों को लिखित में अभिलिखित करके, विलम्ब से दावा दायर करने के लिए छूट दे सकेगा ।

10. **अपील.**—(1) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रतिकर के इन्कार से व्यथित कोई आवेदक, ऐसे आदेश की तारीख से नब्बे दिन की अवधि के भीतर, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर कर सकेगा ।

(2) राज्य विधिक सेवा प्राधिकारण का यदि समाधान हो जाता है, तो वह कारणों को लिखित में अभिलिखित करके, विलम्ब से अपील दायर करने के लिए छूट दे सकेगा ।

(3) स्कीम के पैरा 8 के उपपैरा (3) में यथा उपबंधित प्रतिकर का प्रतिदाय करने के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश से व्यथित आवेदक, ऐसे आदेश की तारीख से नब्बे दिन की अवधि के भीतर, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर कर सकेगा ।

(4) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश के विरूद्ध, कोई अपील दायर नहीं की जाएगी ।

11. लेखा और संपरीक्षा.—(1) राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, निधि और अन्य सुसंगत अभिलेखों के समुचित लेखे अनुरक्षित करेंगे और लेखों की वार्षिक विवरणी तैयार करेंगे ।

(2) लेखों की संपरीक्षा, परीक्षक, स्थानीय लेखा विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा की जाएगी ।

आदेश द्वारा,
हस्ता / –
प्रधान सचिव (गृह)।

————————

उपाबन्ध–1

1. पीड़ित व्यक्ति का नामः

2. पीड़ित की आयुः

3. माता–पिता का नाम
   (क) पिताः
   (ख) माताः

4. पताः.....मकान संख्या.....
   ग्राम / वार्ड.....
   तहसील.....
   जिला.....
   पिन कोड संख्या.....
   दूरभाष संख्या.....
   मोबाईल संख्या.....

5. घटना की तारीख और समय.....

6. घटना का स्थान.....

7. (i) आवेदक का नाम और ब्यौरे.....

   (ii) पीड़ित व्यक्ति के साथ सम्बन्ध परिवार का सदस्य या कोई अन्य (आश्रित, यदि आवेदन अवयस्क, मानसिक रूप से बीमार / मानसिक रूप से आपेक्षित व्यक्ति या पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु हो जाने की दशा में किया गया है, तो विनिर्दिष्ट करें)।

8. क्या प्रथम इत्तिला रिपोर्ट दायर की गई है या शिकायत न्यायिक मजिस्ट्रेट को की गई है ?..
   (क) यदि हाँ, तो प्रथम इत्तिला रिपोर्ट / सूचना की प्रति सहित, तारीख, समय और स्थान बताएं.....

   (ख) यदि नहीं, तो उसका कारण.....

9. क्या पीड़ित व्यक्ति ने उसी अपराध की बाबत प्रतिकर के लिए पहले ही कोई दावा दायर किया है, यदि हां, तो उसके ब्यौरे.....

10. क्या चिकित्सा परीक्षण किया गया है.....

    (क) यदि हां, तो एम.एल.सी. की प्रति (यदि उपलब्ध है) ।

    (ख) यदि नहीं, तो उसका कारण ?.....

11. मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करे जहां अपराध के परिणामस्वरूप पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु हुई हो.....

12. प्रथम इत्तिला रिपोर्ट के दायर करने के नब्बे दिन के भीतर स्कीम के अधीन आवेदन दायर नहीं किया गया है, तो विलम्ब का कारण, यदि कोई है।

13. बैंक खाते के ब्यौरे.....
बैंक का नाम.....
शाखा.....
खाता नम्बर.....
स्थानः
तारीखः

आवेदक के हस्ताक्षर,
पत्राचार के लिए पते सहित।

संलग्नकों की सूचीः

(1) प्रथम इत्तिला रिपोर्ट या न्यायालय में की गई शिकायत की प्रति ।

(2) चिकित्सा रिपोर्ट की प्रति ।

हिमाचल प्रदेश (अपराध से पीड़ित व्यक्ति) प्रतिकर स्कीम, 2012 के अधीन प्रतिकर की अनुसूची

किसी अपराध (तेजाब के आक्रमण सहित) से पीड़ित व्यक्ति द्वारा क्षति या हानि ग्रस्त होने के प्रतिकर निम्नलिखित रीति में संदेय होगाः–

1. मृत्यु या अस्सी प्रतिशत के बराबर या इससे अधिक की निःशक्तता की दशा में..... 1,00,000 / –रूपए ।

2. तेजाब से आक्रमण की दशा में.....50,000 / रुपए ।

3. किसी अंग की हानि आदि की दशा में, जहां स्थायी निःशक्तता चालीस प्रतिशत के बराबर या चालीस प्रतिशत से अधिक है किन्तु अस्सी प्रतिशत से कम है और किसी सरकारी डाक्टर या सरकार द्वारा अनुमोदित डाक्टर के पैनल द्वारा प्रमाणित की गई है.....50,000 / रूपए ।

4. किसी सरकारी डाक्टर या सरकार द्वारा अनुमोदित डाक्टरों के पैनल द्वारा प्रमाणित घोर उपहति की दशा में.....25,000 / – रुपए ।

5. चिकित्सा विधिक रिपोर्ट में प्रमाणित बलात्कार या अप्राकृतिक अपराध की दशा में ..... 50,000 / – रुपए ।

6. मानव दुर्व्यवहार की दशा में.....24,000 / – रूपए।

टिप्पण.–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए पीड़ित व्यक्ति की निःशक्तता, प्रमाणित की गई समझी जाएगी, यदि वह निम्न में से अन्तर्वलित किसी प्रकार की क्षति या हानि से ग्रस्त हैः–

(क) दोनों में से किसी एक आंख की दृष्टि या दोनों में से किसी एक कान, किसी अंग या जोड़ का विच्छेद; या

(ख) किसी अंग या जोड़ की शक्ति का नाश या ह्रासन; या

(ग) सिर या चेहरे का विद्रूरूपण।

[*Authoritative English text of this Department notification No.Home(A)E*(3)43/2011 *dated* 6-09-2012 *as required under clause*(3) *of article* 348 *of the Constitution of India*].

HOME DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-171002, 6*th September,* 2012

No. Home (A) E (3)43/2011.—In pursuance to sub section (1) of section 357A of the Code of Criminal Procedure, 1973 (Act 2 of 1974), the Governor of Himachal Pradesh in co-ordination with the Central Government is pleased to frame the following Scheme for providing funds for the purpose of compensation to the victim or his dependents who have suffered loss or injury as a result of the crime and who require rehabilitation, namely:—

1. Short title.—This Scheme may be called the Himachal Pradesh (Victim of Crime) Compensation Scheme, 2012.

2. Definitions.—In this Scheme unless the context otherwise requires:—

(a) "Act" means the Code of Criminal Procedure 1973 (Act 2 of 1974).

(b) "Annexure" means the Annexure-I of the Scheme on which application under the scheme has to be submitted by the applicant;

(c) "Applicant" means the victim or the person making an application on behalf of the victim where he or she, due to physical or mental in-capacity, is unable to submit the same or where the victim has died, includes his legal heirs;

(d) "Fund" means the Himachal Pradesh Victim Compensation Fund constituted under the Scheme;

(e) "Schedule" means Schedule appended to the Scheme;

(f) "State" means State of Himachal Pradesh;

(g) "Legal Service Authority" means the State/District Legal Services Authority, as the case may be, constituted under the Legal Services Authorities Act,1987; and

(h) "Victim" means a person who has suffered any loss or injury caused by reason of the act or omission for which the accused person has been charged and the expression "victim" includes his or her guardian or legal heir;

3. Victim Rehabilitation Fund.—(1) There shall be constituted a fund namely Himachal Pradesh Victim Compensation Fund from which an amount of compensation under this Scheme shall be paid to the victim who has suffered loss or injury as a result of a crime and who requires rehabilitation.

(2) The State Government shall allot a separate budget for the purpose of the Scheme every year.

(3) The fund shall be operated by the Secretary, State Himachal Pradesh, Legal Services Authority.

4. Eligibility for Compensation.—(1) A victim shall be eligible for the grant of compensation :—

(a) Where the Court under sub section (2) of section 357A of the Act makes a recommendation or an application is made under sub section (4) of section 357A of the Act to the State or District Legal Services Authority within 90 days of recording of FIR.

(b) Where the trial Court, at the conclusion of the trial, is satisfied, that the compensation awarded under section 357 of the Act is not adequate for such rehabilitation, or where the case ends in acquittal or discharge and the victim has to be rehabilitated and a recommendation by the Court for compensation is made.

Provided that the victim, within reasonable time frame, gives information to the officer-in-charge of a Police Station of the commission of crime within the limits of such station or to a Judicial Magistrate empowered to take cognizance of such offence arising out of the crime:

Provided further that the victim cooperates with the police and prosecution during investigation and trial of the case:

Provided also that the application is made on Annexure-I to the District Legal Services Authority of the District where the crime was committed (for award of compensation as provided in sub section (4) of section 357A of the Act).

2. (a) Such recommendation or application, as the case may be, shall be transferred to the District Legal Services Authority of the District where the crime was committed.

(b) Where the crime is committed partly in one local area and partly in another or where it consists of several acts done in different local areas, the District Legal Services Authority having jurisdiction over any of such local areas may proceed under section 357A of the Act.

3. A victim would also be eligible for grant of compensation where the offender is not traced or identified, and where no trial takes place.

5. Procedure for grant of compensation.—(1) Whenever under sub section (2) of section 357A of the Act, a recommendation for compensation is made by the Court, or an application is made to the District Legal Services Authority for award of compensation, the said Authority shall examine the case and verify the contents of the claim with regard to the loss or injury caused to victim arising out of the reported crime .

(2) During the course of verification, the District Legal Services Authority, may call for any other relevant information necessary in order to determine genuineness of the claim and shall after due enquiry, award compensation within sixty days, in accordance with provisions of the Schedule.

